# शताब्दी वर्ष में प्रोफेशनल लुक में दिखेगा एचबीटीयू

कानपुर | वरिष्ठ संवाददाता

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय (एचबीटीयू) 25 नवंबर को अपने शताब्दी वर्ष में प्रोफेशनल लुक में दिखेगा। अब तक देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के साथ 20 आपसी समझौतों (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर चुकी यूनिवर्सिटी भविष्य में सीएसए और जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के साथ भी एमओयू करेगी।

नई शिक्षा नीति के तहत यूनिवर्सिटी सिर्फ तकनीकी शिक्षा तक अपने को सीमित नहीं रखेगी, बल्कि कई तरह के हाइब्रिड कोर्स भी चलाने की तैयारी में है। कुलपति प्रो. समशेर के अनुसार सीएसए के छात्रों कृषि की पढ़ाई के साथ इससे जुड़ी तकनीक सीखने और विकसित करने की जरूरत पड़ती होगी। इसके लिए एचबीटीयू अपने दरवाजे खोलेगा। दोनों विश्वविद्यालय आपसी सहमति से कुछ कोर्स तैयार करेंगे। एचबीटीयू अपने 100 साल के स्वर्णिम इतिहास को भी बताएगा। इसका व्यापक प्रचार करेगा। शताब्दी द्वार का निर्माण हो रहा है। इतिहास संजोए एक कैप्सूल को भूमिगत किया जाएगा।

## तैयारी

- विवि सीएसए और जीएसवीएम के साथ भी करेगा एमओयू
- कई तरह के हाईब्रिड कोर्स चलाने की तैयारी में एचबीटीयू